आकाशवाणी चंडीगढ़

12 अप्रैल 2025, समय 1810

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि सरकार महिला सशक्तिकरण और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर गंभीर है।

- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि वर्ष 2030 तक भारत का, वस्त्र क्षेत्र में निर्यात 9 लाख करोड़ रूपये तक पहुंचेगा।

- ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर शुरू की गई साइक्लोथॉन ने आज गुरुग्राम जिले से झज्जर जिले में प्रवेश किया।

- हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने गुजरात के जामनगर विमान हादसे में शहीद हुए फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव के परिवारजनों से संवेदनाएं व्यक्त की।

- आज देशभर में हनुमान जयंती धार्मिक उत्साह के साथ मनाई जा रही है।

*************************************************************************

भारतीय जनता पार्टी के चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकुला के गांव रामगढ़ की चौपाल में बैठक बूथ समिति के कार्यकर्ताओं की बैठक ली।बैठक में पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी, गांव की पार्षद सहित कई वरिष्ट नेता भी उपस्थित रहे।इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने गांव के शिवालय मंदिर में सफाई व पूजा अर्चना की।इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव चलो अभियान की सोच है कि हर विषय पर लोगों से प्रत्यक्ष रूप से मिला जाए। लोगों की समस्याओं को सुना जाए।उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी की सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल में सड़कों का निर्माण कराया गया। जिससे रामगढ़ को पहचान मिली।उन्होंने कहा कि सरकार ने शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार ने काम किया। हर घर में जल पहुंचाने का का काम किया है। उन्होंने सरकार के अन्य उपलब्धियों को भी गिनाया और भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गांव रामगढ़ को 21 लाख रूपए देने की घोषणा की।पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि आज मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया । पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा –

विनेश फोगाट के प्रस्ताव स्वीकार करने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विनेश फोगाट का अंतरराष्ट्रीय स्तर का मामला था। हमारी बेटी है हम उसके सम्मान को कम नहीं रहने देंगे ।

उन्होंने कहा महिला सशक्तिकरण को लेकर पंचायती राज दिवस के अवसर पर सरपंचों को बुला कर कुछ लक्ष्य दिए जाएंगे । महिला सरपंच को हर गांव के अंदर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ब्रांड एंबेसडर बनाया जाएगा।

******************************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि वर्ष 2030 तक भारत का, वस्त्र क्षेत्र में एक्सपोर्ट 9 लाख करोड़ रूपये तक पहुंच जाएगा। इसके साथ ही वस्त्र क्षेत्र में तीन करोड़ से अधिक रोजगार पैदा होंगे।

भिवानी के प्रतिष्ठित कपड़ा प्रोद्योगिकी संस्थान टी आई टी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में राज्यपाल ने कहा -

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को लेकर विभिन्न शैक्षणिक संस्थाएं कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को चाहिए कि वे रोजगार के नए क्षेत्रों को तलाशे। उन्होंने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नवाचार की बात करते हुए रोबोटिक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डाटा एनालिसिस सहित विभिन्न विषयों की पढ़ाई करवाए जाने पर बल दिया।श्री दत्तात्रेय ने इस मौके पर इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे नवाचार को बढ़ावा देने के साथ ही नई तकनीकों को सीखने को तरजीह दें , ताकि भारत को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाया जा सकें।उन्होंने कहा कि पिछले 90 वर्षो से उद्योगपति बिड़ला द्वारा स्थापित यह संस्थान हजारों विद्यार्थियों को कपड़ा क्षेत्र में शिक्षा दे चुका है। इस संस्थान का देश के कपड़ा क्षेत्र में बड़ा योगदान है।

******************************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि वर्ष 2030 तक भारत का, वस्त्र क्षेत्र में एक्सपोर्ट 9 लाख करोड़ रूपये तक पहुंच जाएगा। इसके साथ ही वस्त्र क्षेत्र में तीन करोड़ से अधिक रोजगार पैदा होंगे।भिवानी के प्रतिष्ठित कपड़ा प्रोद्योगिकी संस्थान टी आई टी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में राज्यपाल ने कहा -

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को लेकर विभिन्न शैक्षणिक संस्थाएं कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को चाहिए कि वे रोजगार के नए क्षेत्रों को तलाशे। उन्होंने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नवाचार की बात करते हुए रोबोटिक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डाटा एनालिसिस सहित विभिन्न विषयों की पढ़ाई करवाए जाने पर बल दिया।श्री दत्तात्रेय ने इस मौके पर इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे नवाचार को बढ़ावा देने के साथ ही नई तकनीकों को सीखने को तरजीह दें , ताकि भारत को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाया जा सकें।उन्होंने कहा कि पिछले 90 वर्षो से उद्योगपति बिड़ला द्वारा स्थापित यह संस्थान हजारों विद्यार्थियों को कपड़ा क्षेत्र में शिक्षा दे चुका है। इस संस्थान का देश के कपड़ा क्षेत्र में बड़ा योगदान है।

***************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का ड्रग फ्री हरियाणा संदेश लेकर प्रदेश में जारी साइक्लोथॉन 2.0 निरंतर आगे बढ़ रही है। इसी कड़ी में आज यह साइक्लोथॉन गुरुग्राम जिलो की प्रमुख सडकों से होकर गुजरी। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने आज सुबह गुरुग्राम में घामड़ोज टोल प्लाजा से झंडी दिखाकर साइक्लोथॉन को झज्जर जिले के लिए रवाना किया। उन्होंने खुद भी साइकिल चलाकर युवाओं को नशा मुक्त हरियाणा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। ड्रग फ्री हरियाणा मुहिम को गुरुग्राम में बड़ा जनसमर्थन मिला

***************************************************************************

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने गुजरात के जामनगर क्षेत्र में हादसे का शिकार हुए जगुआर विमान में शहीद हुए फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव के परिवारजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

कुछ संस्थानों और सड़क का नाम शहीद के नाम पर रखे जाने की मांग पर उन्होंने कहा -

उन्होंने कहा कि देश फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव के त्याग और साहस को कभी नहीं भूलेगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार शहीदों को हमेशा से ही प्राथमिकता देती रही है

************************************************************************

आज देशभर में हनुमान जयंती धार्मिक उत्साह के साथ मनाई जा रही है। हरियाणा , चंडीगढ़ और राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदर कांड और अखंड रामायण का पाठ किया जा रहा है।सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने जींद जिले के उपमंडल नरवाना में हनुमान जयंती समारोह में भाग लिया।भिवानी के जोगीवाला शिव मंदिर धाम में भगवान शिव के 11वें रुद्र अवतार भगवान हनुमान का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धाभाव से मनाया गया। यह आयोजन सामाजिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय मूल्यों को समर्पित रहा। कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी देखने को मिली।अंबाला के विभिन्न मंदिरों में भी धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ । अंबाला शहर के प्राचीन हनुमान मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही।अंबाला छावनी के लाल कुर्ती स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में हवन यज्ञ कराया गया और भंडारे लगाए गए।

**************************************************************************

विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण मिढ़ा ने आज हनुमान जयंती पर जींद में आयोजित हनुमान जयंती समारोह में भाग लिया।

कार्यक्रम के पश्चात पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि -

विधानसभा उपाध्यक्ष ने जुलाना की विधायक विनेश फोगाट द्वारा की गई टिप्पणी की प्रदेश में बेटियां सुरक्षित नहीं है, के जवाब में कहा कि उनकी सरकार का प्रयास है कि खिलाड़ियों को उचित धनराशि मिले और महिला खिलाड़ियों का अच्छे ढंग से मान सम्मान दे।

***************************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज बैसाखी की पूर्व संध्या पर पंजाबी समुदाय के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।श्री दत्तात्रेय ने कहा कि बैसाखी पर्व फसल के मौसम की शुरुआत का प्रतीक है और कृतज्ञता, खुशी और सामुदायिक भावना के त्योहार के रूप में विशेष महत्व रखता है। उन्होंने किसानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बैसाखी उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का उत्सव है।उन्होंने कहा कि यह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा खालसा पंथ के गठन की याद भी दिलाता है, जो सिख इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना है।राज्यपाल ने कहा कि बैसाखी जैसे त्योहार लोगों की जीवंत सांस्कृतिक विरासत और एकता को दर्शाते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह त्योहार सभी समुदायों के बीच सद्भाव, शांति और भाईचारे के बंधन को मजबूत करेगा।सभी के लिए समृद्धि, खुशहाली और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए राज्यपाल श्री दत्तात्रेय ने सभी से करुणा, समावेशिता और आपसी सम्मान के मूल्यों को बनाए रखने का आग्रह किया। पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने भी देश-विदेश में रह रहे सभी पंजाबियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। राज्यपाल ने सभी से इस पर्व को जाति, पंथ, धर्म से ऊपर उठकर इस पर्व को सौहार्द, सामाजिक एकता और राष्ट्रीय एकजुटता की भावना के साथ सामूहिक रूप से मनाने की अपील की है।

***************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सभी मानकों को ध्यान में रखते हुए गुरुग्राम में ग्लोबल सिटी विकसित की जाएगी। यह परियोजना हरियाणा के विकास में एक और मील का पत्थर साबित होगी।श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि एक लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश के साथ यह परियोजना लगभग 16 लाख लोगों के जीवन को प्रभावित करेगी। परियोजना के विकसित होने पर करीब पांच लाख रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा। उन्होंने बताया कि एक हजार एकड़ पर विकसित की जा रही इस परियोजना में रिहायशी, व्यावसायिक,आतिशय सत्कार व शैक्षणिक संस्थानों आदि के लिए भी विशेष स्थान रहेगा।